भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2798
दिनांक 12 अगस्त, 2026 / 21 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

असम में बाढ़ से हुई क्षति, मौतें एवं अनुग्रह राशि सहायता

2798 श्री तेराश गोवाला:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अरुणाचल प्रदेश एवं नागालैंड में बादल फटने से आई बाढ़ से असम के कौन-कौन से जिले प्रभावित हुए हैं;

(ख) जुलाई, 2026 के दौरान बादल फटने एवं बाढ़ के कारण असम में हुई असमय मृत्यु का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सभी मृतकों का पोस्टमार्टम कराया गया था; और

(घ) मृतकों के परिवारों को प्रदान की गई अनुग्रह राशि अथवा प्रशासनिक सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख): असम सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जुलाई 2026 के दौरान असम में आई बाढ़ का कारण उसके पड़ोसी राज्यों अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड, में हुई वर्षा थी। तथापि, गुवाहाटी स्थित प्रादेशिक मौसम केन्द्र -भारत मौसम विज्ञान विभाग (RMC-IMD) द्वारा अब तक बादल फटने की किसी घटना की सूचना नहीं दी है।

असम सरकार के आपदा रिपोर्टिंग और सूचना प्रबंधन प्रणाली (DRIMS) के अनुसार, जुलाई 2026 के दौरान बाढ़ के कारण हुई मौतों का जिला-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) और (घ): असम सरकार द्वारा 01.08.2026 को जारी अधिसूचना संख्या 822546/1 के अनुसार, बाढ़ तथा अन्य अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं, जिनमें राज्य-विशिष्ट आपदाएं भी शामिल हैं, के कारण हुई मौत के मामलों में, राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF)/राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (NDRF) के मानदंडों के अंतर्गत

अनुग्रह सहायता (ex-gratia assistance) की स्वीकृति एवं भुगतान के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं है।

इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 अगस्त, 2026 तक 71 मृतक व्यक्तियों के परिवारों को अनुग्रह सहायता प्रदान की गई है।

*****

राज्य सभा अता. प्र.सं. 2798, दिनांक 12.08.2026

अनुलग्नक

01-07-2026 से 31-07-2026 तक बाढ़ से हुई मौतों का ज़िलेवार विवरण								
मानव जीवन की हानि -	ज़िला	कुल	बाढ़ से मौत	सामान्य डूबना	पुरुष	महिला	बच्चे	
							पुरुष	महिला
	बोंगईगांव	0	0	0	0	0	0	0
	कोकराझार	0	0	0	0	0	0	0
	धेमाजी	1	1	0	1	0	0	0
	डिब्रूगढ़	0	0	0	0	0	0	0
	बिश्वनाथ	0	0	0	0	0	0	0
	नलबाड़ी	0	0	0	0	0	0	0
	तामुलपुर	0	0	0	0	0	0	0
	गोलाघाट	3	3	0	3	0	0	0
	चिरांग	0	0	0	0	0	0	0
	श्रीभूमि	0	0	0	0	0	0	0
	लखीमपुर	0	0	0	0	0	0	0
	बक्सा	0	0	0	0	0	0	0
	जोरहाट	9	9	0	4	1	2	2
	कामरूप	0	0	0	0	0	0	0
	शिवसागर	42	42	0	23	15	3	1
	दरांग	0	0	0	0	0	0	0
	सोनितपुर	1	1	0	1	0	0	0
	चराईदेव	20	20	0	14	2	2	2
	तिनसुकिया	0	0	0	0	0	0	0
	उदलगुड़ी	0	0	0	0	0	0	0
	कछार	0	0	0	0	0	0	0
	नगांव	0	0	0	0	0	0	0
	कार्बी आंगलोंग	2	2	0	1	0	1	0
	कामरूप (एम)	0	0	0	0	0	0	0
	होजाई	0	0	0	0	0	0	0
	कुल	78	78	0	47	18	8	5

राज्य सभा अता. प्र.सं. 2798, दिनांक 12.08.2026

अनुलग्नक

मृतकों के परिवारों को दी गई वित्तीय अनुग्रह राशि का विवरण .			
क्रम संख्या	ज़िला नाम	बाढ़ से कुल मौतें (04 अगस्त, 2026 तक)	अनुग्रह-सहायता विवरण
			भुगतान
1	चराईदेव	21	20
2	शिवसागर	48	36
3	जोरहाट	9	9
4	गोलाघाट	4	3
5	धेमाजी	3	0
6	कार्बी आंगलोंग	2	2
7	सोनितपुर	1	1
	कुल	**88**	**71**

****